# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 मई 2025 सान्ध्य समाचार

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पिछले कई दशकों से पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर से फैलाये जा रहे आतंक के खिलाफ भारत की कठोर और कडी कार्रवाई है। रक्षा मंत्री ने आज श्रीनगर में सेना के पंद्रह कोर बादामी बाग छावनी में सैनिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

**ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पैंतिस–चालीस वर्षों से भारत सरहद पार से चलाई जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया को ये साफ कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं।**

रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के साहस, शौर्य और कुशलतापूर्वक की गई कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को उनके साहस, संकल्प, समर्पण पर गर्व है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षण में लिये जाने चाहिए।

**पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर–जिम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियां दी गई हैं। श्रीनगर की धरती से, मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैर–जिम्मेदार और रोगनेशन के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। मैं मानता हूं कि पाकिस्तान के एटमी हथियारों को इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज प्रदेश कैबिनेट की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया गया। बैठक के दौरान ही कैबिनेट ने भारतीय सेनाओं के लिए अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया। बैठक के दौरान प्रदेश भर में पांच सीड पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर लखनऊ में सीड पार्क बनाया जाएगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक आयोजनों की सुविधा के लिए सौ करोड़ रुपये की लागत से पंचायत उत्सव भवन बनाने की योजना को भी स्वीकृति दी है। पहले चरण में इकहत्तर ग्रामीण विधानसत्रा क्षेत्रों में इनका निर्माण होगा। कैबिनेट ने नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर–तकनीकी कार्मिकों के पारिश्रमिक में बढ़ोत्तरी सहित कई अन्य विभागों के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित कर दिया।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रदेश के अलग अलग जिलों में आज दूसरे दिन भी शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी और स्वयंसेवी संस्थाओं ने चांदपुर से कैंट तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। अयोध्या जिले में गांधी पार्क से निकाली गई तिरंगा यात्रा सिविल लाइन होते हुए चौक पर पहुंची। इसमें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण समेत हजारों लोग शामिल हुए। इस यात्रा का उद्देश्य देश के सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाना है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि वह वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पचीस की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत के लिए बीस मई को विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को उन्नीस मई तक अपने लिखित नोट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थानाक्षेत्र स्थित किसान पथ पर आज सुबह एक प्राइवेट स्लीपर बस में आग लग गई। इस दुखद हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। यह यात्री बस बिहार के बेगूसराय जिले से दिल्ली जा रही थी। लखनऊ दक्षिणी के पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल ने बताया कि बस में सत्तर यात्री सवार थे। बाकी यात्रियों को बचा कर उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई।

**********

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के भीतर हुए तीन अलग अलग सड़क हादसों में तेरह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये। बलरामपुर जिले में बीती रात करीब एक बजे बलरामपुर बहराईच मार्ग पर एक कार और ट्रक की टक्कर में बारात से लौट रहे कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। वहीं, हरदोई जिले के कासिमपुर थानाक्षेत्र में आज सुबह संडीला बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गये। एक अन्य दुखद हादसे में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में आज दिन में कलेक्ट्रेट गेट के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज धूप के साथ हीट वेव का प्रकोप जारी है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया जिलों सहित कुछ पश्चिमी जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। सबसे अधिक तापमान प्रयागराज जिले में चौवालिस दशमल दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दो दिनों तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों इलाकों में लू चलने की संभावना जताई है।

**********